58

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

संवेदक M/S T. K. Construction(Regd. No-2210030), Prop-Rahul Kumar, 243 New Area Krishnapuri, Dist-Nawada, Pin-805110 द्वारा स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, नवादा के अधीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01SBD/2023-24 के ग्रुप संख्या–12 की निविदा में भाग लिया गया।

संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोहना, उड़िसा का पत्रांक 672 दिनांक 02.01.2023 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र के आधार पर निविदा में भाग लिया गया। प्रश्नगत अनुभव प्रमाण पत्र के सत्यापन के उपरांत कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मोहना, उड़िसा का पत्रांक 1367(WE) दिनांक 01.03.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी है।

तदोपरांत मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, पटना का पत्रांक 3728 दिनांक 17.11.2025 द्वारा संवेदक के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत कालीसूची में दर्ज किये जाने हेतु प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संवेदक के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 में निहित प्रावधान के तहत कार्रवाई किये जाने के पूर्व विभागीय पत्रांक 12199 दिनांक 03.12.2025 एवं पत्रांक 1483 दिनांक 05.02.2026 द्वारा निबंधित डाक एवं ईमेल के माध्यम से आरोप के बिंदु पर कारणपृच्छा की गई।

उक्त कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा अबतक अपने बचाव में आरोप के बिंदु पर स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि संवेदक को अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है।

वर्णित परिप्रेक्ष्य में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, नवादा के अधीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01SBD/2023-24 के ग्रुप संख्या–12 की निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने संबंधी आरोपों के आलोक में बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(ix) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के आलोक में संवेदक M/S T. K. Construction(Regd. No-2210030), Prop-Rahul Kumar, 243 New Area Krishnapuri, Dist-Nawada, Pin-805110 को 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

ह0/- 27-02-26
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–333/2025 2949 /पटना, दिनांकः– 9.3.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 27-02-26
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

निबंधित

ज्ञापांक:-14/अ0प्र0-14-313/2025 2949 /पटना, दिनांक:- 9.3.26

प्रतिलिपि:- M/S T. K. Construction(Regd. No-2210030), Prop-Rahul Kumar, 243 New Area Krishnapuri, Dist-Nawada, Pin-805110 को सूचनार्थ प्रेषित।

27.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक:-14/अ0प्र0-14-313/2025 2949 /पटना, दिनांक:- 9.3.26

प्रतिलिपि:-अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक:-14/अ0प्र0-14-313/2025 2949 /पटना, दिनांक:- 9.3.26

प्रतिलिपि:-~~मुख्य~~ कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, नवादा को संवेदक के विरुद्ध FIR दर्ज कराने के निमित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.02.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक:-14/अ0प्र0-14-313/2025 2949 /पटना, दिनांक:- 9.3.26

प्रतिलिपि:-आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.02.26
अभियंता प्रमुख